Downloaded From :http://cbseportal.com/

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2019

कक्षा–12

अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य भूगोल

(केवल प्रश्नपत्र– मॉडल पेपर)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

निर्देश: प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिये निर्धारित हैं।

नोट: (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या–1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं, जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखना है। प्रश्न संख्या–11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय हैं जिनका उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या–21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या–27 से 30 तक विस्तृत उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 300 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

प्रत्येक प्रश्न का सही उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये।

1– द्रव्य के माध्यम से किया जाने वाला विनिमय कहलाता है– 1

(अ) वस्तु विनिमय (ब) प्रत्यक्ष विनिमय

(स) क्रय–विक्रय (द) इनमें से कोई नहीं।

2– इनमें से किसको सहकारी बैंक से सर्वाधिक लाभ मिलता है? 1

(अ) उद्योगपतियों को (ब) कृषकों को

(स) करदाताओं को (द) इनमें से कोई नहीं।

3– रिकार्डो के अनुसार सीमान्त भूमि वह है जिस पर– 1

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP BOARD

Downloaded From :http://cbseportal.com/

(अ) लगान मिलता है (ब) कम लगान मिलता है।

(स) अधिक लगान मिलता है (द) लगान नहीं मिलता है।

4— ब्याज के तरलता अधिमान (पसन्दगी) सिद्धान्त के प्रतिपादक हैं— 1

(अ) जे0बी0से0 (ब) जे0एस0 मिल

(स) जे0एम0 कीन्स (द) टी0आर0 माल्थस

5— लाभ उत्पादन के कौन—से साधन को प्राप्त होता है— 1

(अ) भूमि को (ब) श्रम को

(स) पूंजी को (द) साहसी को

6— भाखड़ा—नांगल बांध किस नदी पर निर्मित है? 1

(अ) सतलज (ब) रावी

(स) ब्यास (द) चेनाब

7— भारत में औद्योगिक विकास की प्रमुख समस्या है— 1

(अ) आधारभूत संरचना का अभाव (ब) ऊर्जा की समस्या

(स) पूंजी का अभाव (द) उपर्युक्त सभी

8— उद्योगों के स्थानीयकरण के लाभ हैं— 1

(अ) लागत में कमी (ब) पूरक उद्योगों का विकास

(स) उत्पादकों में सहयोग की वृद्धि (द) उपर्युक्त सभी

9— इनमें से कौन यातायात का साधन है? 1

(अ) नदी (ब) नहर

(स) रेलगाड़ी (द) शापिंग मॉल

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP BOARD

Downloaded From :http://cbseportal.com/

10— भारत की प्रमुखतम आयात वस्तु है— 1

(अ) पेट्रोलियम (ब) मशीनरी

(स) रसायन (द) कम्प्यूटर

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11— वस्तु विनिमय के किन्ही दो विशेषताओं को लिखिये। 1+1

12— सन्तुलन कीमत का निर्धारण किस प्रकार होता है? 2

13— सहकारिता के किन्हीं दो सिद्धान्तों को संक्षेप में लिखिये। 1+1

14— केन्द्रीय सहकारी बैंक के दो कार्यों को लिखिये। 1+1

15— वास्तविक मजदूरी को परिभाषित कीजिये। 2

16— जल मण्डल किसे कहते हैं? 2

17— भूमिगत जल से आप क्या समझते हैं? 2

18— उद्योगों के स्थानीयकरण के आर्थिक कारण लिखिये। 2

19— जल—परिवहन के दो महत्व लिखिये? 1+1

20— वायु—परिवहन का प्रबन्ध किन निगमों द्वारा होता है। 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

21— कागजी अथवा पत्र मुद्रा के गुणों को स्पष्ट कीजिये। 5

22— अपूर्ण प्रतियोगिता में दीर्घकाल में कीमत निर्धारण को स्पष्ट कीजिये। 5

23— विस्तृत खेती के अन्तर्गत रिकार्डो के लगान सिद्धान्त को लिखिये। 5

24— खनिज संरक्षण के उपायों को लिखिये। 5

25— भारतीय कुटीर उद्योग की विशेषताओं का वर्णन कीजिये? 5

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP BOARD

Downloaded From :http://cbseportal.com/

26– भारत के आर्थिक विकास में विदेशी व्यापार के महत्व की विवेचना कीजिए? 5

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

27– पूर्ण प्रतियोगिता में दीर्घकाल में एक फर्म के संतुलन की चित्र सहित व्याख्या कीजिये? 10

अथवा

अपूर्ण प्रतियोगिता में अल्पकाल में फर्म का संतुलन तथा कीमत–निर्धारण किस प्रकार होता है? सचित्र वर्णन कीजिए।

28– देश के आर्थिक विकास में सहकारी बैंकों की भूमिका की व्याख्या कीजिये? 10

अथवा

केन्द्रीय सहकारी बैंक की स्थापना के उद्देश्य लिखिये?

29– भारत में कृषि उत्पादकता कम होने के प्रमुख कारण क्या है? इसे कैसे बढ़ाया जा सकता है? 10

अथवा

जलवायु से आप क्या समझते हैं? भारतीय जलवायु को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए?

30– "वन हमारी राष्ट्रीय निधि हैं।" स्पष्ट कीजिए? 10

अथवा

वनों के ह्रास से क्या आशय है? भारत में वनों के ह्रास से होने वाले दो प्रभावों का उल्लेख कीजिये?

————

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP BOARD